त्योहारों को शांति और सद्भाव के साथ मनाएं : संजय

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 23 फरवरी, कलेक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में आगामी दिनों में आने वाले त्योहारों को शांति और सद्भाव के साथ मनाए जाने पर चर्चा की गई.

बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा कि आगामी दिनों में होली, गुडी पडवा, ईद-उलफितर एवं रामनवमी के त्योहार मनाए जाएंगे. जिले की परंपरा के अनुसार सभी त्योहार शांति और सद्भाव से मनाए जाएंगे. त्यौहार पूरे उल्लास और उत्साह से मनाएं. त्योहार मनाते समय अनुशासन बनाए रखें. त्योहारों की भीड़भाड़ का लाभ उठाकर कई बार असामाजिक तत्व अव्यवस्थाएं पैदा करने का प्रयास करते हैं. इनसे कड़ाई से निपटा जाएगा. शोभा यात्रा, चल जुलूस तथा अन्य सभी बड़े आयोजनों में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे. सबके सहयोग से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी.

त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की है. संबंधित अधिकारी इन सभी त्योहारों पर सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत और यातायात व्यवस्था चाक-चौबंद रखें. त्यौहारों के दौरान सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों तथा नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में सुरक्षा के उचित प्रबंध करें. बैठक में अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी, एडिशनल एसपी विक्रम सिंह मौजूद रहे.

अच्छा प्रशिक्षण जनगणना को सरल बनाएगा : जैन

जनगणना संबंधी प्रशिक्षण आरंभ, गणना के दौरान समस्या आने पर अधिकारियों को दें जानकारी

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 23 फरवरी, आगामी जनगणना 2027 के सुचारू, प्रभावी एवं समयबद्ध संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई.

बैठक में जनगणना से संबंधित विभिन्न प्रशासनिक, तकनीकी एवं व्यवस्थागत बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई. बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आगामी जनगणना भारत की अब तक की दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल जनगणना होगी. उन्होंने निर्देश दिए कि जनगणना कार्य निर्धारित समय-सीमा में, बिना किसी दबाव के तथा पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपादित किया जाए. अच्छा प्रशिक्षण जनगणना को सरल बनायेगा. उन्होंने बताया कि जनगणना के दौरान यदि किसी प्रकार की तकनीकी अथवा अन्य समस्या उत्पन्न होती है तो उसका त्वरित समाधान डीआईएनआईसी के माध्यम से किया जा सकेगा. कलेक्टर ने कहा कि जनगणना कार्य स्वयं गणना के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर नागरिक स्वयं अपना फॉर्म भर सकेंगे.

प्रशिक्षण में बीएलबीसी ऐप, मकान सूचीकरण के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई. इसके अतिरिक्त डैशबोर्ड, असाइन, हाउस मैपिंग जैसी इंटरफेस को विस्तार पूर्वक समझाया गया. इस बार की जनगणना पूरी तरह से डिजिटल होगी, जिसमें मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल का उपयोग किया जाएगा. जिसमें घर की स्थिति, परिवार की जानकारी, वाहन स्वामित्व, इंटरनेट सुविधा, पीने के पानी का स्त्रोत, शौचालय, एलपीजी कनेक्शन और मुख्य अनाज जैसी सभी जानकारी मुखिया से ही पूछी जाएगी. उसके बाद पोर्टल में जानकरी फिल करेगी और जानकारी को गोपनीय रखी जायेगी. कही भी अपना मोबाइल चार्जिंग, फिशिंग, क्विशिंग, क्लोनिंग जैसे ऐप का प्रयोग न करें और कोई भी समस्या आने पर तत्काल अपने चार्ज अधिकारी को सूचना दें. जनगणना का कार्य दो चरणों में संपन्न किया जाएगा. प्रथम चरण एक मई 2026 से 30 मई 2026 तक तथा द्वितीय चरण एक फरवरी 2027 से 28 फरवरी 2027 तक संपन्न होगा. बैठक में अपर कलेक्टर पीके पांडेय, संयुक्त कलेक्टर एपी द्विवेदी आदि मौजूद रहे.

भदौहा-468 में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज
हनुमना, 23 फरवरी, मऊगंज जिले के नईगढी जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम भदौहा 468 में वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर ग्राम भदौहा 468 में आयोजित किया गया.

जिसमें उपस्थित जनता के समक्ष सरकार द्वारा संचालित बैंकिंग योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई खासकर नॉमिनी के बारे में विस्तार से बताया गया क्योंकि जब अचानक खातेद धारक की मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार को पैसा लेने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है इसलिए आप सभी अपने-अपने खाते में नॉमिनी का फॉर्म अवश्य भरे और परेशानी से बचें इसके साथ और कई अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई.

हनुमना नगर सहित जिले भर में राजश्री गुटखा की कालाबाजारी

नवभारत न्यूज
हनुमना, 23 फरवरी, पान मसाला गुटको की कालाबाजारी पर आखिर मऊगंज प्रशासन मौन क्यों?

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुराने प्रिंट रेट वाले गुटको के प्रति पैकेट में व्यापारियों द्वारा लगभग 100 रुपए की बढ़ोतरी की गई है. राजश्री गुटका की काला बाजारी का बड़ा खेल जारी है 100 रूपए प्रति बंडल की गई बढ़ोतरी वही प्रति पाऊच की कीमत 45 से 50 रूपए फुटकर विक्रेताओं द्वारा की गई. हनुमना नगर के समस्त व्यापारी पुराने रेट में रखे समान को बेच रहे ज्यादा रेट में, राजश्री डीलर करोड़ों का खेल करके सरकार को लाखों का चूना लगाकर जनता की गाढ़ी कमाई पर सरेआम डाका डालते हुए अपनी जेब में मोटी रकम भर रहे हैं. शासन प्रशासन के नाक के नीचे सारा खेल हो रहा है, तो क्या प्रशासन को इसकी जरा भी भनक नहीं है. प्रशासन छापामार कर ऐसे दुकानदारों पर कार्यवाही करनी चाहिये. वर्तमान समय में 10 वाली राजश्री 20 में 20 वाली राजश्री 40 में 40 वाली राजश्री60 में बिक रही है जो प्रिंट रेट से ज्यादा बिक रहा है.

नगर परिषद गुढ़ कार्यालय के सामने धरने पर बैठे विपक्षी पार्षद व लोग

विपक्षी पार्षदों का धरना जारी

गुढ़, 23 फरवरी, रीवा जिले के नगर परिषद गुढ़ वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद मुमताज खान के नेतृत्व में अन्य पार्षद सहित नगर वासी धरने पर बैठे. पार्षदों का कहना है कि नगर परिषद में जिम्मेदारों द्वारा विपक्ष के पार्षदों के साथ पक्षपात किया जाता है. उनके वार्डो में विकास कार्य के लिए किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जाता है. इन्हीं कारणों को लेकर नगर परिषद कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना आज सोमवार सुबह 10 बजे से दिया गया है.

कांग्रेस ने मंत्री का पुतला दहन कर जताया विरोध

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 23 फरवरी, मऊगंज की सड़को पर मध्य प्रदेश की सियासत में गरमाई बयान बाजी का असर दिखाई दे रहा है.

कांग्रेस पार्टी और युवक कांग्रेस ने मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला फूंका और मुर्दाबाद के नारे लगाए. दरअसल पूरा मामला विधानसभा बजट सत्र के दौरान कोल ब्लॉक और अदाणी ग्रुप के मुद्दे पर हुई तीखी बहस से जुड़ा है. आरोप है कि बहस के दौरान मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से औकात में रहने की अपमान जनक टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया. पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना के मार्गदर्शन में पुतला दहन किया गया. जिसमें जिलाध्यक्ष हरिलाल कोल, युवक कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे.

मंत्री का सदन के भीतर गैरजिम्मेदाराना भठ कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र का अपमान बताते हुए आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है.

पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना

राज्यपाल का मऊगंज जिले में कल प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 23 फरवरी, राज्यपाल मंगुभाई पटेल का 25 फरवरी को मऊगंज जिले का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है. राज्यपाल सलैया हनुमना के सलैया में आदि सेवा केन्द्र का भ्रमण करेंगे तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जनजातीय समुदाय के परिवारों को आवंटित आवास का निरीक्षण कर उनसे संवाद करेंगे.

राज्यपाल मंगुभाई पटेल गहवरा में स्वास्थ्य शिविर एवं स्वसहायता समूहों की प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित भी करेंगे. राज्यपाल द्वारा हितलाभ वितरण एवं जनजातीय समुदाय के नायकों का सम्मान किया जाएगा.

राज्यपाल के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने आयोजन स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने सलैया में हेलीपैड में आवश्यक व्यवस्थाओं सहित आदि सेवा केन्द्र व गहवरा के कार्यक्रम स्थल की मंचीय व्यवस्था, पार्किंग, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया. इस अवसर पर अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे. राज्यपाल के संभावित दौरे को लेकर तैयारी जोरशोर से की जा रही है.

पूर्व विधायक ने किसान विरोधी कानून के खिलाफ घेराव का दिया अल्टीमेटम

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 23 फरवरी, किसान विरोधी कानून के खिलाफ पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना ने कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित कर विधानसभा घेराव का ऐलान किया है. देश की राजनीति एक बार फिर किसान मुद्दों को लेकर गरमा गई है.

पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के दबाव में आकर ऐसा निर्णय लिया है, जिससे देश के किसानों के हित प्रभावित होंगे. देश के नेता राहुल गांधी के आह्वान पर इस मुद्दे को लेकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाई गई है. इसी क्रम में मध्य प्रदेश में विधानसभा घेराव का कार्यक्रम घोषित किया गया है.

जिसका नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करेंगे. कांग्रेस के पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना ने किसानों और आम जनता से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में भोपाल पहुंचकर किसान विरोधी बताए जा रहे कानून का विरोध करें.

उनका कहना है कि यह निर्णय भविष्य में किसानों के लिए नुकसानदायक साबित होगा और इसे वापस लिया जाना चाहिए. पत्रकारों द्वारा मऊगंज के भाजपा विधायक प्रदीप पटेल के 50 दिनों से क्षेत्र से लापता रहने और कथित गैंग के खतरे को लेकर सवाल पूछे जाने पर पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना ने इन आरोपों को निराधार बताया. उन्होंने कहा कि मऊगंज में किसी गैंग का कोई अस्तित्व नहीं है और विधायक के लापता होने की बात भ्रामक है.

इसके साथ ही भाजपा विधायक पर अस्थिरता अशान्ति वाली राजनीति के द्वारा मऊगंज को बदनाम करने और आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करने का आरोप लगाया है.

राष्ट्रीय सेवा योजना का अंतिम दिवस गरिमामय वातावरण में आयोजित

नवभारत न्यूज
गुढ़, 23 फरवरी, शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ के राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का अंतिम दिवस 23 फरवरी को अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, रीवा-शहडोल संभाग रहे. स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य ने मुख्य अतिथि डॉ. आर. पी. सिंह की कुशल प्रशासनिक क्षमता, शैक्षणिक नेतृत्व एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की. सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत कु. शालिनी मिश्रा द्वारा नृत्य, कु. आभा शुक्ला द्वारा प्रभावशाली भाषण एवं कु. मानसी त्रिपाठी द्वारा मधुर गायन की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया.

मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरक उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, सेवा भावना, अनुशासन एवं व्यक्तित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम के अंत में अतिरिक्त संचालक द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया.

कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रो. श्रीमती रेखा मिश्रा सहित समस्त प्राध्यापकों की उपस्थिति रही. इस अवसर पर डॉ. संदीप कपूर, डॉ. भारत भूषण दुबे, रेखा पयासी मैम, डॉ. रामेश्वर, डॉ. अमित, डॉ. अरुण सोनी एवं श्रीमती दीपा कोल की विशेष एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही.

बेमौसम बारिश से गुढ़ क्षेत्र के किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

नवभारत न्यूज
गुढ़, 23 फरवरी, सोमवार को देर दोपहर बाद जिले के साथ-साथ गुढ़ क्षेत्र में अचानक बदले मौसम के मिजाज ने किसानों की धड़कनें बढ़ा दी हैं.

सोमवार को गुढ़ समेत आसपास के अंचलों में हुई बेमौसम बारिश और आसमान पर छाए घने काले बादलों ने खेतों में खड़ी सोने जैसी फसल पर संकट के बादल मंडरा दिए हैं. मौसम की इस करवट से उन किसानों के चेहरों पर मायूसी छा गई है, जिनकी साल भर की मेहनत अब कटाई की दहलीज पर है. क्षेत्र के किसानों ने बताया कि वर्तमान में राई (सरसों), मसूर और चना जैसी महत्वपूर्ण फसलें पूरी तरह पककर तैयार हो चुकी हैं. कई स्थानों पर कटाई का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा था, लेकिन अचानक शुरू हुए बारिश के सिलसिले ने काम रोक दिया है.

किसानों का कहना है कि यदि बारिश की तीव्रता बढ़ती है या ओलावृष्टि होती है, तो हाथ में आई फसल मिट्टी में मिल सकती है. कटाई कर चुके किसानों के लिए मुसीबत और भी बढ़ गई है. खलिहानों और खेतों में खुले में रखी फसल के भीगने से दाने के रंग और गुणवत्ता खराब होने की आशंका है, जिससे बाजार में सही दाम मिलना मुश्किल होगा. किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि मौसम की स्थिति को देखते हुए फसलों के सुरक्षित भंडारण और संभावित नुकसान के आकलन पर ध्यान दिया जाए. गुढ़ के किसान देवमणि उपाध्याय, मोतीलाल पाण्डेय, नारायण प्रसाद, संगीता त्रिपाठी, अनिल तिवारी सहित किसानो ने कहाँ कि हमने दिन-रात एक कर फसल पाली थी, अब चिंता हो रही है.

चाकघाट में नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण आज

चाकघाट 23 फरवरी. चाकघाट व्यापार मंडल द्वारा प्रत्येक महीने की 24 तारीख को आयोजित किया जाने वाला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के क्रम में आज दिनांक 24 फरवरी 2026 को 22वीं बार लगातार इस स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन स्थानीय श्री बड़े हनुमान मंदिर चाकघाट में प्रात: 10 बजे से दोपहर 1बजे तक आयोजित होगा । उक्त प्रशिक्षण शिविर में नेत्र परीक्षण, एलोपैथिक, डेंटल इत्यादि रोगों का परीक्षण कर उनके इलाज के संदर्भ में उन्हें परामर्श व तथा सम्भव नि:शुल्क दवाएं वितरित की जाएगी ।

नेत्र रोग के गंभीर मरीजों का इलाज वह ऑपरेशन हेतु चयनित कर उन्हें सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट ले जाकर उनका विधिवत मोतियाबिंद व अन्य समस्याओं का समाधान किया जाएगा । उक्त आशय की जानकारी चाकघाट व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता (छोटू भैया) ने एक भेंट के दौरान देते हुए क्षेत्र की जनता एवं उक्त समस्याओं से ग्रसित आम लोगों से साग्रह अनुरोध किया है, कि उक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पधार कर इसका भरपूर लाभ उठाएं ।

विश्व राजनीति में व्यापक परिवर्तन हुए हैं : डॉ . राज सिंह

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 23 फरवरी, 'वैश्वीकरण और बदलती विश्व राजनीति' विषय पर आयोजित दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज के राजनीति विज्ञान विभाग में सम्पन्न हुई.

मुख्य अतिथि डॉ. आर. पी. सिंह अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा रीवा संभाग एवं विशिष्ट अतिथि डॉ राजेंद्र मिश्रा जिला भाजपा अध्यक्ष मऊगंज रहे. समापन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एस. डी. पाण्डेय ने किया. दूसरे दिन के प्रथम टेक्निकल सत्र में संयुक्त राज्य अमेरिका से जुड़े विद्वान डॉ. राज सिंह (यूएसए) ने ऑनलाइन माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए.

उन्होंने बताया कि द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात विश्व राजनीति में व्यापक परिवर्तन हुए, जिनसे आधुनिक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की नींव पड़ी.

उन्होंने विभिन्न शोधार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का अत्यंत सहज, स्पष्ट एवं तार्किक ढंग से उत्तर प्रदान किया. उन्होंने संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय एवं आयोजन समिति की सराहना की. द्वितीय वक्ता के रूप में प्रयागराज से पधारे विद्वान डॉ. अखिलेश पाल ने अपने व्याख्यान में समकालीन विश्व व्यवस्था के विविध आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने विकासशील देशों की चुनौतियों, व्यापारिक प्रतिस्पर्धा, आर्थिक उदारीकरण तथा निजीकरण की नीतियों पर भी विस्तार से विचार व्यक्त किए.

उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव, अमेरिका की वैश्विक रणनीति तथा रोजगार के बदलते स्वरूप पर भी प्रकाश डाला. डॉ. राजेंद्र मिश्रा ने विश्व में वर्तमान समय में उत्पन्न जटिलताओं और चुनौतियों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए. डॉ. मोहम्मद जकारिया ने भी सम्बोधित किया.

आत्मनिर्भर और विकसित प्रदेश के निर्माण का सशक्त रोड मैप है बजट : जनार्दन

नवभारत न्यूज
मऊगंज, 23 फरवरी, प्रदेश सरकार का वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत 4.38 लाख करोड़ के ऐतिहासिक एवं सर्वसमावेशी बजट पर रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि यह बजट 'ज्ञानी' माडल पर आधारित एक दूरदर्शी दस्तावेज है जो ग़रीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र उत्थान के साथ साथ अधोसंरचना और औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगा.

पत्रकारवार्ता में उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आय व्यय का विवरण नही है बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण सशक्त रोडमैप है. कृषि और किसान कल्याण* के लिए 5 एच पी के कृषि पंपों हेतु 5276 करोड़ का प्रावधान दलहन आत्मनिर्भर मिशन के लिए 335 करोड़ तथा समर्थन मूल्य पर बोनस भुगतान हेतु 150करोड़ निर्धारित किए गए हैं. आपातकालीन ऋण पर व्याज अनुदान के लिए 720 करोड़ की व्यवस्था की गई है. प्रधानमंत्री कृषक सूर्य मित्र योजना के अन्तर्गत 1 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है जिससे किसानों को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध होगी.

पशुपालन गतिविधियों के लिए 2364 करोड़ का प्रावधान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देगा. नारी सशक्तिकरण के लिए दिए बजट को बजट का आत्मा बताते हुए सांसद ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के लिए 1801 करोड़ तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए 23883 करोड़ का प्रावधान किया गया है. सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास की अवधारणा को साकार करता है और मध्य प्रदेश को आत्म निर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने वाला निर्णायक कदम है. उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनेगा. इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी डॉ अनिल पटेल, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती संतोष सिंह सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष बंशगोपाल तिवारी, जिला महामंत्री प्रमोद यादव, जिला मंत्री स्वदीप सिंह सिसोदिया एवं जिला मीडिया प्रभारी अजय कुमार मिश्रा उपस्थित रहे.